**आज का दिन**
**देश की पहली फिल्म प्रदर्शित**

**1913.** देश की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' का पहला प्रसारण आज ही के दिन मुंबई में हुआ था। यह पहली मूक फिल्म थी।

# दैनिक भास्कर

राजस्थान

लोकसभा चुनाव 2024

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, शुक्रवार, 3 मई, 2024 | वैशाख कृष्ण पक्ष-10, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

## शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, शुक्रवार, 3 मई, 2024 | झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी | गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com



# सीरी के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**भास्कर न्यूज** | पिलानी

राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं लेखा नियंत्रक जयप्रकाश इंदौरा, प्रशासन नियंत्रक जयशंकर शरण, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सहित अन्य वैज्ञानिक एवं सहकर्मी उपस्थित थे। संस्थान के सभागार में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत सदिस्ताप ने सभी सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

पिलानी. कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक व अन्य।

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने 'कार्यालयों में स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान के उपरांत डॉ. सदिस्तप एवं अन्य अधिकारियों ने जयशंकर शरण को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. पंकज भूषण अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने पखवाड़ा के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी।

संचालन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने किया। मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने भी संबोधित किया। सीएसआईआर सहित केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सभी कार्यालय एवं विभाग 1 से 15 मई की अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर रहे हैं।